an>

Title: Need to close A.V.H. chemical factory in Chandgad Taluk in Kolhapur.

श्री धनंजय महाडीक **(कोल्हापुर):** महोदया, आपने मेरे क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण विषय के बारे में मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। मेरे क्षेत्र कोल्हापुर में चन्दगढ़ ताल्लुका है, जो पश्चिमी घाट का एक हिस्सा है। यूनेस्को ने इसे इको सेंसेटिव जोन और वर्ल्ड हैरीटेज का दर्जा दिया है। हाल ही में यहाँ ए.वी.एच. नामक एक केमिकल फैक्ट्री शुरू हुई है, जो कोलतार डिस्टिलेशन प्लांट है। यह कर्नाटक से सिर्फ दस किलोमीटर दूर है। मिनिस्ट्री ऑफ एन्वायर्नमेंट एंड फॉरेस्ट की मान्यता की इसको जरूरत है, क्योंकि यह ए ग्रेड में आता है, पर कंपनी ने इसे बी ग्रेड दिखाकर स्टेट से परमीशन ली है। इसमें जो केमिकल्स बनते हैं, उनसे जो पॉल्यूशन होता है, उससे कैंसर जैसी बीमारियाँ हो सकती हैं, ऐसा पता चला है। जो ए.वी.एच. कंपनी है, अगर इसके अगल-बगल में आप देखेंगे तो दस किलोमीटर की रेडियस में तीन बड़ी नदियाँ और 22 वाटर रिजर्व वायर्स हैं, जो महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक को पानी सप्लाई करती हैं। ये सभी इसकी वजह से हैंपर हो सकती हैं। इसके पॉल्यूशन की वजह से जो कैशू क्रॉप, जंगल की वनस्पितयों और आम इन्सान को खतरा पैदा हो गया है। 72 ग्राम पंचायतों ने इसके खिलाफ एक एजेंडा निकालकर विरोध प्रस्ताव दिया था, फिर भी यह फैक्ट्री शुरू हो गई। 28 फरवरी को दस हजार से ज्यादा लोगों ने एक मोर्चा निकालकर यह पूरी फैक्ट्री जला दी है, फैक्ट्री के साथ केमिकल के चार टैंकर भी जला दिए हैं, गाड़ियाँ जला दी हैं, लॉ एंड आर्डर की बहुत बड़ी सिचुएशन यहाँ पर निर्मित हुई है। इस फैक्ट्री का रॉ मैटीरियल बेल्लारी, कर्नाटक से आएगा, जो कि वहाँ से 300 किलोमीटर दूर है। इसका जो फिनिश प्रोडक्ट है, वह जयगढ़ पोर्ट जाएगा, जो साढ़े तीन सौ किलोमीटर दूर है। इसका वेस्ट पूना में जाएगा, जो 200 किलोमीटर दूर है। यह सभी जो ट्रांसपोर्टेशन है, वह इकोसेंसेटिव एरिया में जाएगा।

मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि जन भावना का, लोगों की भावना का आदर करते हुए इस फैक्ट्री को तुरन्त हमेशा के लिए बंद करना चाहिए। अभी विधानसभा में भी पचास से ज्यादा एमएलएज ने इसका प्रोटेस्ट किया है। अभी भी लोग धरने पर हमारे क्षेत्र में बैठे हैं। आप कृपा करके यह फैक्ट्री हमेशा के लिए बंद कर दीजिए। धन्यवाद।